नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थी विकास कुमार को उत्कृष्ट स्वयंसेवक का राज्यस्तरीय पुरस्कार

वर्धा, 20 जुलाई 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विकास कुमार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का उत्कृष्ट स्वयंसेवक का राज्यस्तरीय पुरस्कार घोषित हुआ है। पुरस्कार का स्वरूप राशि, स्मृतिचिन्ह और प्रमाणपत्र है और यह उन्हें पुरस्कार राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर 24 सितंबर 2017 को मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पास राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीन यूनिट और 250 स्वयंसेवकों की संख्या है। विकास कुमार ने इस वर्ष दिल्ली में संपन्न गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। विकास कुमार की पिछले दो साल में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित तथा विशेष शिविर की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना, महाराष्ट्र सरकार की ओर से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करनेवाले स्वयंसेवक का पुरस्कार देकर सन्मान किया जाता है जिसमें इस वर्ष का उत्कृष्ट स्वयंसेवक का पुरस्कार विकास कुमार को घोषित हुआ है। विकास कुमार जनसंचार विभाग में एम.ए. के विद्यार्थी है। इस उपलब्धि के लिए विकास कुमार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव कादर नवाज खान, विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, रासेयो के राज्य समन्वयक डॉ. अतुल सालुंखे, विवि रासेयो के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक और बी. एस. मिरगे, अश्विन श्रीवास यांच्यासह विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी है।